बिहार सरकार

जनवरी, 2022

# e-किसलय

अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक ई–पत्रिका




## अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय समस्तीपुर (बिहार)

# अनुक्रमणिका


| विवरण | पेज सं० |
|---|---|
| • संपादकीय | 03 |
| • Editors' Note | 04 |
| • Introduction of CTEs | 05–06 |
| • अध्यापन अभ्यास एवं आकलन | 07–13 |
| • Success Mantra : Letter to Students | 14–15 |
| • अतीत का गौरव : नालंदा विश्वविद्यालय | 16 |
| • लगन का परिणाम | 17 |
| • इम्युनिटी बढ़ाएं, रोग भगाएं | 18 |
| • Importance of Education in Our Life | 18 |
| • Role of Teachers in the Covid-19 Times | 21–22 |
| • Selfishness | 22 |
| • खुश रहो | 23 |
| • Education is Progressive Discovery of Our Own Ignorance | 23 |
| • Education and its Significance in Modern Times | 25–26 |
| • जिंदगी | 26 |
| • Tribute to Martyrdom | 28 |
| • मंजिल | 28 |
| • Nitish : A Eulogy | 29 |
| • वक्त और बदलाव | 31–32 |
| • SWOT Analysis : Self Analysis | 33–34 |
| • Girls' Education | 34 |
| • SOS (Save Our Soul) : An emergency Help System on Highways | 36 |
| • On Kedarnath Avalanche | 37 |
| • आशाओं के दीप | 38 |
| • तुम | 38 |

# प्राचार्य की कलम से...

प्रिय शिक्षक साथी और हमारे प्रशिक्षु,

आप सभी अवगत हैं कि पत्रिका के माध्यम से प्रबुद्ध जनों के विचार उनके द्वारा किए सृजन में मुखरित होता है। आपके मुक्त विचारों की सृजनात्मकता कहीं प्रसंग, कहानी और कविताओं में परिलक्षित होती है, तो कहीं चित्रात्मक प्रसंगों में दिखाई देता है। पत्रिका एक कुम्भ की तरह है जहाँ से विचार किसी न किसी रूप में प्रतिबिम्बित होता है। इसके कहीं ज्यादा यह शिक्षा से जुड़े विचारों और मुद्दों से सम्बन्धित होता है क्योंकि हम सभी अध्यापक शिक्षा संस्थान से जुड़े हुए शिक्षा जगत के हितधारक होते हैं। विचारों का आदान–प्रदान अर्थात साझा तभी सम्भव है जब हम अपने साथी के विचारों, उनके ज्ञान और समझ को समझने का प्रयास करते हैं। विचारों का कुम्भ रूपी पत्रिका वास्तव में विचारों को साझा करने का एक माध्यम है। अपने पेशेवर विकास के लिए ज्ञान, समझ, विचार और सृजन हेतु पत्रिका एक महत्वपूर्ण स्रोत है।



अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर के सभी संकाय सदस्यों और प्रशिक्षुओं के प्रयास से ई–किसलय के नाम से पत्रिका का विकास किया गया है जो आपके सामने प्रस्तुत है। इस सूचना एवं प्रौद्योगिकी युग में दूर–दूर तक विचारों का आदान–प्रदान सम्भव हो गया है। ई–किसलय पत्रिका का प्रसारण के लिए हमारे पास वाट्स एप ग्रुप एवं ई–मेल है। इसके साथ ही आईसीटी के कई और माध्यम हो सकते है।

हम सभी आशा करते है कि आपको उक्त माध्यमों से पत्रिका उपलब्ध हुई होगी जिसे आप पढ़कर शिक्षक साथियों और प्रशिक्षु के विचारों और सृजनात्मकता से अवगत हुए होंगे और हमें विश्वास है कि आप अपने साथियों को भी ऑनलाईन जो भी माध्यम हो यथा Whatsapp और e-mail के माध्यम आदि से विचारों को साझा करने हेतु भेजेंगे।। हम यह भी आशा करते है कि पत्रिका में वर्णित विचारों पर प्रतिक्रिया और सृजनात्मकता के प्रति आप अपने सुझाव एवं विचारों को साझा करेंगे ताकि अगले अंक में बेहतर ढंग से पत्रिका का सृजन हो सके।

धन्यवाद।

**आपका**

**तेज नारायण**

# Editors' Note

Dear Readers

Greetings to all!!!

Every bird needs a little push to extend its wings and fly high up in the endless sky. In the same way every blooming talent needs a little support to reach the heights of attainment. "e-Kislay" is one such support provided to the students to help them realize and practice their true potential.Through the columns of our magazine "e-Kislaya", the editorial team aims to bring up the hidden talent in our trainees.

Prepare yourself to dive into a world of colour, positivity and triumph. We have worked hard to put together all the gems that adorn the crown of CTE, Samastipur. May their brilliance leave you warmed by the after-glow.

Wish you a wonderful experience!

Editorial Board
"e-Kislaya"

# Introduction to CTEs

The Institutions named Colleges of Teacher Education (CTEs) have been established for preparation and professional development of secondary school teachers in every State of our country as a result of centrally sponsored programme for restructuring and reorganization of Teacher Education Institutions as envisaged in National Policy on Education-1986 and PoA 1992 of Govt of India. There are Six CTEs which are presently running in Muzaffarpur, Bhagalpur, Gaya, Chhapra, Saharsha and Samastipur Districts of our state. Government of India has envisioned and mandated the establishment of one CTE for every Three Districts in every state. There fore, in the light of the vision Eight new CTEs in Araria, Aurangabad, Patna, Purnea, Buxar, Champaran, Munger and Siwan districts have been sanctioned by the State. Very soon, these eight CTEs, too, will become operational and will help fulfill the requirement of Secondary School Teachers as honest implementation of Sarva Shiksha Abhiyan (SSA) and Right to Education (RTE) Act in the state has shot up the number of students passing the Elementary School Level Examination. Now, to ensure high quality of education in secondary schools of our state Continuous Professional Development of secondary school teachers will be urgently needed which will not be possible without engagement and establishment of more CTEs in the state.




**Roles and Functions of CTEs**

Revised guidlines of MHRD, Jan-2004 envisaged the system of Secondary Teacher Education to perform the following broad functions :

a) Imparting quality pre-service & in-service education to secondary school teachers.

b) Development of faculties of Elementary Teacher Edcuation Institution and their countinuing education.

c) Providing general resource support to secondary schools and elementary teacher education institution and

e) Research, Innovation and Extention work in the field of education and Elelementry Teacher Education.

The following specific function work visualised on the basis of the above broad function :

a) Organisation of pre-service teacher education courses (B.Ed.) for preparation of secondary teachers.

b) Organisation of subject oriented (of more than one weak) and shorter theme specific (of less than one weak) in-service teacher education programme for secondary school teachers with a view to making every teacher undertake at least one subject oriented training courses every 5 years apart from shorter theme specific cources.

c) Providing extention and resource support to secondary schools, school complexes and individual teacher.

d) Conducting experimentation as innovation in secondary education.

e) Providing training and resource support for areas like value oriented education, work experience, environmental education, population education, ICT, vocational education and science education

f) Providing support to professional bodies.

g) Encourage community priticipation in teacher education programme.

**How let's have a look at CTE, Samastipur :** The Government **College of Teacher Education (CTE)**, Samastipur which was earlier known as Govt. Teacher Training College, Samastipur was established in the year 1962**.** This institution is a well reputed government College of Teacher Education fully financed and governed by the Department of Education, Govt. of Bihar since 1962 to impart both pre-service and in-service professional education to secondary school teachers. The institution has continuously been organizing different Teacher Education program for the benefit of pre-service and in-service teachers. The institution is recognized by NCTE vide letter no.- ERC/7-167.6.41/NCTE/ B.Ed./ 2014/23237, Dated- 17.01.2014 to run B.Ed. course. It has got permanent affiliation from Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga. The institution is continuously adding new gems to both its human and physical resources to impart quality education and training to Teachers. New College Building with a Rich Library, ICT, Psychology, Science, Social Sc., Mathematics & Language Lab, Huge Multi-purpose Hall, Girls and Boys Hostel has been inaugurated. New Teacher Educators from Bihar Education Service Cadre have been appointed who are well co-ordinating with the existing manpower to achieve its goals through continuously performing Project work, Action and Social Researches in addition to its Routine Activities. It is steadily looking forward to creating world class professionals, social workers and human being with a clear cut vision of shaping the bright future of our state. “Tradition with Technology” has been the very Moto with Which the College of Teacher Education, Samastipur has been imparting education to its Trainees. It is committed to imparting high quality world class education blend with the rich culture and traditions of our state and the country.

C.T.E. Samastipur has a decent campus which creates very congenial atmosphere for all round development of trainee teachers. It is situated in the heart of Samastipur district of Darbhanga Division. It is located at distance of just one kilometer from Samastipur Railway Station and only half Km from Samastipur Bus Stand. It is at a distance of around 90 Km from the state capital city Patna. It is at a distance of 40 kms from Begusarai, 45 kms from Muzaffarpur, 40 km from Darbhanga and only 12 km from NH28 from Tajpur.

**Editorial Team**

# अध्यापन अभ्यास एवं आकलन

(संज्ञानात्मक पक्ष के विकास के संदर्भ में)

वर्त्तमान समय में शिक्षा में गुणवत्ता लाना और सभी शिक्षार्थियों में सीखने की महत्तम उपलब्धि प्राप्त कराना मुख्य लक्ष्य है। वर्ग–कक्ष में विषय–वस्तु के अध्यापन और आकलन के लिए यह उद्देश्य है कि–

(i) रचनात्मक आकलन (Formative Assessment) और संचयी आकलन (Cumulative Assessment) यथा मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन हेतु पूछे जाने वाले ऐसे प्रश्नों का संयोजन हो जिससे शिक्षार्थियों द्वारा प्राप्त उत्तर से उनके विषय–वस्तु के ज्ञान और समझ के साथ मानसिक क्षमताओं का पता चले।

(ii) सभी शिक्षार्थी समता के साथ सीखने की महत्तम उपलब्धि स्तर को प्राप्त कर सकेगा।

शिक्षक का कार्य अध्यापन के साथ–साथ रचनात्मक आकलन एवं संचयी आकलन यथा मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन एवं परिणाम तक सीमित नहीं है। इससे हमें केवल इतना पता चल पायेगा कि इस परिणाम के आधार पर कितने शिक्षार्थी उच्च उपलब्धि धारक, मध्यम उपलब्धि धारक और निम्न उपलब्धि धारक है। अगर हम इतना ही करके छोड़ देते है तो इसे हम केवल जाँचना कह सकते है। लेकिन सभी बच्चे/शिक्षार्थी महत्तम स्तर तक समता के साथ उपलब्धि स्तर प्राप्त कर सके, इसके लिए आगे की प्रक्रिया तय करनी होगी। इसके लिए शिक्षक को शिक्षार्थी के उत्तर पुस्तिका का पुनर्वलोकन एवं विश्लेषण करना होगा कि बच्चे/शिक्षार्थी किसी प्रश्न का उत्तर क्यों नहीं दे पाए और साथ ही यह भी विश्लेषण करना होगा कि उन प्रश्नों का सम्बन्ध किन मानसिक क्षमताओं के साथ जुड़ा हुआ है। अब शिक्षक के लिए यह चुनौती होगा कि जिन प्रश्नों का उत्तर शिक्षार्थी नहीं दे पाएँ, तो ऐस शिक्षार्थी/शिक्षार्थियों के समूह के साथ पुनरावृति में ऐसा कौन सा शिक्षण/नवाचार शिक्षण करेगें एवं शिक्षार्थियों से गतिविधियाँ करायेंगे जिससे कि उन शिक्षार्थियों में विषय–वस्तु की समझ के साथ विशिष्ट मानसिक क्षमताओं का विकास हो जाए एवं उस विषय पर शिक्षार्थी स्वामित्व प्राप्त कर लें।

''रटना और ''स्मरण करना'' में बड़ा फर्क है। रटना बिना समझ के साथ कंठस्थ करना है, किन्तु स्मरण करना किसी विषय की समझ के साथ पुनरावृति एवं पुनर्बलन है। रटना सीखना नहीं है, किन्तु स्मरण करना, सीखे हुए विषय–वस्तु को मानसिक संक्रिया द्वारा ज्ञान और अवधारणा का स्थायित्व प्रदान करना है। यदि शिक्षार्थी के विभिन्न मानसिक क्षमताओं से सम्बन्धित मौखिक प्रश्न एवं लिखित प्रश्न समय–समय पर बार–बार पूछकर विषय–वस्तु से सम्बन्धित गतिविधियों में व्यस्त किया जाए तो शिक्षार्थियों में विषय वस्तु के ज्ञान एवं समझ का स्मरण बना रहेगा।

इसलिए मौखिक एवं लिखित जाँच के उपरांत यह देखना आवश्यक हो जाता है कि कौन से शिक्षार्थी अथवा शिक्षार्थियों का समूह किन–किन प्रश्नों का उत्तर क्यों नहीं दे पाये? तब ये देखना और अभ्यास कराना होगा कि–

1. शिक्षार्थी सम्बन्धित प्रश्न का समाधान/उत्तर इसलिए नहीं कर पाया कि इसके पूर्व आधारीय/मौलिक ज्ञान के स्तर से वह नहीं गुजरा है।

2. विषय वस्तु में दी गयी सामग्रियों को शिक्षार्थी अपने जीवन के अनुभव से नहीं जोड़ पाते हैं।

3. दिये गये प्रश्न जो शिक्षार्थी नहीं कर पाये वह किस मानसिक क्षमता से नहीं जुड़ा हुआ है।

उपर्युक्त बिन्दुओं पर विचार मंथन एवं विश्लेषण करते हुए शिक्षक को शिक्षार्थी/शिक्षार्थियों के साथ निम्नलिखित सुझाव के साथ सीखने–सिखाने का अभ्यास कराना आवश्यक होगा।

**1. उत्तर पुस्तकाओं का विश्लेषण एवं शिक्षार्थियों का समूहीकरण :–** उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण करने के

बाद जिन–जिन प्रश्नों का उत्तर शिक्षार्थी नहीं दे पाये, उन शिक्षार्थी को चिन्हित कर लेना होगा। ऐसे कई शिक्षार्थी होंगे जो एक ही तरह के प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर/हल नहीं कर पाएँ होंगे, उनका अलग–अलग समूह बनाकर वर्ग कक्ष में बिना भेदभाव के साथ पुनरावृति एवं पुनर्बलन शिक्षण इस प्रकार करना होगा कि इन शिक्षार्थी के समूह के साथ अन्य सभी शिक्षार्थी भी समूह में शामिल हों ताकि भेद–भाव न हो सके। शिक्षक को चाहिए कि अपने नियमित वर्ग कक्ष में ही सभी शिक्षार्थियों के साथ ही विषय वस्तु एवं प्रश्न से संबंधित हल के लिए अवधारणा स्पष्ट करते हुए पुनरावृति एवं पुर्नबलन करायें जाकि उन शिक्षार्थियों के साथ–साथ सभी शिक्षार्थी विषय वस्तु की समझ पुख्ता कर सकें।

**2. पुनरावृति एवं पुनर्बलन शिक्षण की रूपरेखा :–** शिक्षार्थी/शिक्षार्थियों द्वारा नहीं किये जानेवाले उत्तर से सम्बन्धित मौखिक प्रश्न अथवा लिखित प्रश्नों का समूहवार संयोजन करने, या किसी एकल शिक्षार्थी के प्रश्नों का वर्गीकरण शिक्षकों को शिक्षण–अभ्यास के पूर्व कर लेना होगा। इसके बाद उन प्रश्नों को शिक्षार्थी हल क्यों नहीं कर पाये? इस पर शिक्षक को चिन्तन करना चाहिए। तदुपरान्त उन्हें निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए शिक्षण अभ्यास करना चाहिए।

- पूर्व ज्ञान से सम्बन्धित सीखने के स्तर की पहचान करना होगा। सीखने के स्तर के पहचान के बाद शिक्षक/शिक्षिका को उस स्तर से विषय–वस्तु को शिक्षार्थी को सीखने के अभ्यास कराने के बाद उत्तर नहीं दिये वाले प्रश्नों के पैटर्न के आधार पर कई प्रश्नों को बनाकर उदाहरण स्वरूप एक दो प्रश्नों को शिक्षक स्वयं हल एवं व्याख्या कर शिक्षार्थियों से उसी पैटर्न पर प्रश्नों के उत्तर का अभयास कराना चाहिए। शिक्षार्थी के जीवन के अनुभव के साथ एवं आसपास की चीजों के साथ जुड़ने वाले ऐसे खुले प्रश्नों की भी चर्चा एवं शिक्षार्थी से मौखिक एवं लिखित उत्तर पाने की चेष्टा शिक्षक को करनी चाहिए कि शिक्षार्थी प्रश्नों का उत्तर अपने तरीके से सही–सही दे सके अर्थात हल कर सके। ऐसी पुनावृत्ति एवं पुनर्बलन करने से शिक्षार्थी/शिक्षार्थियों का विशिष्ट मानसिक क्षमताओं का विकास होगा।

- कुछ ऐसे प्रश्न जिसका उत्तर अथवा हल शिक्षार्थी नहीं कर पाये और ऐसे प्रश्न के पैटर्न के आधार पर तैयार किए गये प्रश्नों का उतर देने में शिक्षार्थी की समझ नहीं बन पा रही है तो ऐसी परिस्थिति में शिक्षार्थियों के समूह को गतिविधि/प्रयोग में व्यस्त कर शिक्षार्थियों को सीखने का भरपूर अवसर देना चाहिए। गतिविधि/प्रयोग का तात्पर्य है, शिक्षार्थियों द्वारा चीजों को देखकर, सुनकर, सूंघकर एवं स्पर्श कर तथा उन चीजों एवं उपकरणों के साथ उद्देश्य के साथ प्रयोग कर सके तथा प्रश्न का उत्तर अथवा हल ढूंढ सके। तात्पर्य है कि सुगम रूप से सीखने के लिए त्रिवीमीय शिक्षण अधिगम सामग्री अर्थात आस–पास की चीजों और मॉड्लों एवं द्विवीमीय अर्थात चार्ट, चित्र, फिल्म और विडियो क्लीप जैसे शिक्षण सामग्रियों के साथ शिक्षार्थी अपनी समझ बना सके।

- गतिविधि एवं प्रयोग से शिक्षार्थी को स्वयं करके सीखना उनके मानसिक क्षमताओं को प्रभावी ढंग से बढ़ाएगा। अतः मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक जाँच के पूर्व सत्र के प्रारम्भ से वर्ग कक्ष में शिक्षक सीखने–सीखाने के प्रक्रिया में विषय वस्तु से सम्बन्धित उद्देश्यपूर्ण गतिविधियाँ तैयार कर एवं शिक्षार्थी के छोटे–छोटे समूह से गतिविधि कराकर ही मानसिक क्षमताओं को पुष्ट किया जा सकता है। गतिविधि का तात्पर्य दी गयी समस्या है, जिस पर शिक्षार्थी चिन्तन करता है तथा स्वयं समाधान करने की चेष्टा करता है। जिसमें शिक्षक समस्या का समाधान कराने में केवल सहायक के रूप में कार्य करता है। चिन्तन मानसिक क्षमताओं को पुष्ट करने का सबसे बढ़िया उपाय है।

अतः उपर्युक्त गतिविधि आधारित अध्यापन–अभ्यास आवश्यक है। इसके बाद मासिक, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक जाँच के बाद नहीं किए जाने वाले प्रश्न के उत्तर से सम्बन्धित शिक्षार्थी/शिक्षार्थी समूह की पहचान कर

सम्बन्धित प्रश्नों के पैटर्न के आधार पर कई बन्द प्रश्न एवं जीवन से तथा आस–पास से जुड़ने वाले खुले प्रश्नों का निर्माण करना चाहिए तथा उत्तर देने हेतु शिक्षक को शिक्षार्थी/शिक्षार्थी समूह के साथ सीखने–सीखाने की प्रक्रिया में शामिल होकर उनकी अवधारणा एवं समझ को इस प्रकार विकसित करना चाहिए कि प्रश्नों का उत्तर स्वयं दे सके।

प्रयास यह करना है कि विभिन्न स्तर के उपलब्धि धारकों में से वह शिक्षार्थी जो निम्नग्रेड को प्राप्त करते है, वे वषय वस्तु को ज्ञान एवं अवधारणा स्तर पर प्राप्त कर उन विशिष्ट मानसिक क्षमताओं को प्राप्त कर सके अर्थात निम्न ग्रेड सी तथा मध्यम ग्रेड बी के उपलब्धि धारक उच्चतम स्तर के ग्रेड ए को प्राप्त कर सके।

## मानसिक क्षमताएँ

बच्चों में उम्र के साथ विभिन्न मानसिक क्षमताओं का विकास होता है। अतः एक शिक्षक के लिए यह जानना एवं समझना आवश्यक है कि किस उम्र की अवधि में बच्चा क्या–क्या सुगमता के साथ सीख सकता है। उदाहरण के तौर पर भाषा सीखने की प्रक्रिया से बच्चों की मानसिक क्षमताओं का आकलन कर सकते है। निम्नलिखित दी गयी सारणी में उम्र–सापेक्ष भाषा सीखने की प्रवीणता दशार्यी गयी है।

### भाषा सीखने की प्रवीणता

### सारणी

| उम्र | भाषा सीखने की प्रवीणता |
|---|---|
| 01 से 6 माह | ध्वनि के प्रति प्रतिक्रिया, क्रियात्मक अभिव्यक्ति अर्थात अंग चालन द्वारा भावों की अभिव्यक्ति संक्षिप्त वर्णमाला वाले शब्द, जैसे दा, मो, जो बुदबुदाहट के साथ होती है। |
| 06 से 01 वर्ष | एक या दो शब्दों के साथ बोलता है। |
| 01 वर्ष से 02 वर्ष | छोटा वाक्य बनाकर बोलता है और इसका विस्तार करने का प्रयास करता है वाक्य के प्रायः वर्तमान काल में बोलता है। मौलिक अवधारणा का निर्माण करता है। बड़ों के वाक्यों को आधा–अधूरा बोलता है। |
| 02 वर्ष से 03 वर्ष | शब्दावली की वृद्धि करता है, वर्तमान काल के साथ भूतकाल के वाक्यों को बोलता है। अपना नाम बताता है एवं परिवार के सदस्यों के रिश्ते के नाम से पुकारता है। शैक्षिक अवधारणा में चीजों के साथ संख्या, रंग और समूह की अवधारणा विकसित करता है। |
| 03 वर्ष से 04 वर्ष | शाब्दिक सम्प्रेषण को जोड़ता है। शब्दों का भण्डारण करता है। अपने बारे में ज्यादा सूचना देने में सक्षम होने लगता है। शैक्षिक अवधारणा के अन्तर्गत एक–दुसरे से बातचीत सुगमता से करता है और शाब्दिक तर्क कौशल का विकास करता है। |
| 04 वर्ष से 05 वर्ष | वर्णमाला के प्रति जागरूक होकर शब्दों का विस्तार करने सम्बन्धी कौशल क्षमता का विकास करता है। बोलने के क्रम में अनियमित रूप से बहुवचन का व्यवहार करता है तथा भविष्य काल वाले वाक्यों को बोलना प्रारम्भ करता है। प्रश्न उतर करने सम्बन्धी कौशल में प्रवीणता हासिल करने लगता है। |
| 05 वर्ष से 06 वर्ष | भविष्य काल वाले वाक्यों को आसानी से बोलता है। 10 शब्दांश वाले वाक्य को बार–बार कह सकता है।<br>अंग संचालन सम्प्रेषण को समझता है।<br>कहानी को क्रमबद्ध रूप से कह सकता है। |
| 06 वर्ष से 07 वर्ष | शब्दावली में काफी विस्तार करता है। वर्णमाला से शब्दों को बनाता है, शर्त्त वाले काल से सम्बन्धित वाक्यों का उपयोग करता है। शुरू में शब्दों को पढ़ने का प्रयास करता है। |
| 07 वर्ष से 09 वर्ष | शब्द की पहचान की प्रवीणता हासिल करते हुए पढ़ने का मौलिक कौशल प्राप्त करता है और समझ बनाता है। लिखना प्रारम्भ करता है तथा लिखने की प्रवीणता हासिल करना शुरू कर देता है। तर्क के साथ समझ विकसित करना शुरू करता है। |

| | |
|---|---|
| 09 वर्ष से 11 वर्ष | पढ़ने एवं लिखने की मौलिक सम्प्रेषण कौशल को प्राप्त करने के साथ–साथ नियमित रूप से शुद्ध करने की क्षमता विकास करता है। सही शब्दों की पहचान के साथ शब्दों को बोलने का उच्चचारण कौशल का विकास करता है। |
| 11 वर्ष से 13 वर्ष | भाषा प्रवीणता में मौलिक अर्न्तवैयक्तिक (व्यक्ति एवं व्यक्ति के बीच) सम्प्रेषण कौशल का विकास बच्चा बिना विद्यालय गये ही प्राप्त कर लेता है। वह एक दूसरे से बातचीत करके सीखता है। इस उम्र के सापेक्ष बच्चों से कराया जाए तो आपसी बातचीत में उन्हें सीखने का भरपूर अवसर प्राप्त होगा। |
| 13 वर्ष एवं उपर | पढ़ने एवं लिखने सम्बन्धी कौशल का पूर्ण विकास करता है। |
| | स्रोत: एण्डर्सन आर० (2000) के विकासात्मक परिप्रेक्ष्य से रूपान्तरित। |


उपर्युक्त सारणी बच्चों के भाषायी मानसिक क्षमताओं को उनके उम्र स्तर पर पहचान करने का आकलन का सीमांकन है।

ठीक उसी तरह अन्य विषयों में भी उम्र एवं वर्ग के अनुसार विषय वस्तु की समझ के साथ मानसिक क्षमताओं का विकास करना है।

सामान्य तौर पर सभी विषयों के दिऐ गए प्रश्नों का सम्बन्ध निम्नलिखित मानसिक क्षमताओं के साथ इस प्रकार हो सकता है। दो या दो से अधिक मानसिक क्षमताओं से जुड़े प्रश्न हो सकते हैं। हमें उन मानसिक क्षमताओं वाले प्रश्न में कौन सी मानसिक क्षमता प्रभावी है, उसे सुनिश्चित कर एवं शिक्षार्थी से उतर पाकर उसके मानसिक क्षमता का आकलन कर सकते है।

| मानसिक क्षमता | व्याख्या एवं प्रश्न के उदाहरण |
|---|---|
| 1. अवलोकन | प्रश्न 1. अपने आस–पास मिलने वाले चीजों की सूची बनाएँ<br>प्रश्न 2. आज तुम्हारे घर में क्या–क्या भोजन बना है?<br>प्रश्न 3. तुम्हारे घर में कितने लोग है, उनका नाम लिखिए।<br>अर्थात, ऐसे प्रश्नों में प्रायः "क्या–क्या" कितना, कौन–कौन से इत्यादि आते हैं? तो ये सारे प्रश्न अवलोकन से जुड़े होते है और ऐसे प्रश्न करने से शिक्षार्थियों में अवलोकन करने की क्षमता की पहचान की जा सकती है।<br>(शिक्षार्थी चीजों की जितनी लम्बी सूची बनाते है तथा किसी चीज को गहराई से उनके रूप–रंग, आकार आकृति को बताते है, तो स्पष्ट है कि उसमें अवलोकन करने की क्षमता अधिक है।) |
| 2. तुलना एवं विभेदीकरण | प्रश्नः–1 पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका में कौन–कौन से कोशिकांग होते हैं?<br>यह एक तुलनात्मक प्रश्न है, क्योंकि यह दो वस्तुओं/चीजों के बीच समानता एवं असमानता से जुड़ा हुआ है। जिससे शिक्षार्थी पादप कोशिका और जन्तु कोशिका में मिलने वाले सभी कोशिकाओं के बारे में क्रम बद्ध रूप से उत्तर देते हैं तथा विभेद अर्थात अन्तर भी स्थापित करते है।<br>तुलना एवं विभेदीकरण का तात्पर्य दो या दो से अधिक चीजों यथा उसके रंग, रूप, आकार, आकृति, स्पर्श, गंध आदि से करते हैं। अन्य व्यक्तियों, समाजों एवं देशों की तुलना करने का आधार उनके सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, भौगोलिक आदि पृष्ठभूमि के आधार पर तुलना एवं विभेद स्थापित करते है। |
| 3. वर्गीकरण | जब शिक्षार्थी अवलोकन कर चीजों की सूची तैयार करते है और उसकी तुलना एवं विभेद करना जान लेते है, तो उन चीजों के विशिष्ट लक्षण के आधार पर छाँटते हैं तथा समूह बनाते है। विशिष्ट लक्षण के आधार पर समूह बनाने की प्रक्रिया को वर्गीकरण कहते हैं।<br>प्रश्न :– 1 अपने आस–पास मिलने वाले पेड़–पौधे में शाक, झाड़ी एवं पेड़ के पाँच–पाँच नाम लिखिए।<br>इस प्रश्न में शिक्षार्थी अपने आस–पास के पेड़–पौधे को शाक, झाड़ी एवं पेड़ को विशिष्ट लक्षण के आधार पर अर्थात, पेड़–पौधे की लम्बाई तथा आकारिकी अर्थात रंग, रूप, आकृति, आकार एवं विन्यास के आधार पर वर्गीकृत करते हैं। |

| | |
|---|---|
| 4. अनुमान लगाना | हम किसी चीज का तभी अनुमान लगा सकते है कि, जब हमने इस चीज को पूर्व में देखा है अर्थात अवलोकन किया है।<br>1. जैसे कोई वस्तु कितना बड़ा या छोटा।<br>2. कोई वस्तु या चीज कितनी दूरी पर है।<br>अनुमान लगाना किसी चीज या वस्तु के विमा लम्बाई, चौड़ाई एवं मुटाई उपर्युक्त मापक को ध्यान में रखते हुए बिना मापे अनुमान लगाना कि अमुक की लम्बाई, चौड़ाई और मुटाई लगभग इतना होगा। उसी तरह दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। सत्यता की जाँच हेतु उपर्युक्त मापक के आधार पर माप करके देखा जा सकता है कि हम अनुमान के कितने करीब है।<br>(अनुमान के आधार पर शिक्षार्थी कौन सा उपर्युक्त मापक इकाई का उपयोग करेंगे इसका भी अनुमान लगा सकते हैं।)<br>3. वैज्ञानिक तर्क के आधार पर मौसम का अनुमान लगाना।<br>4. आय व्यय से सम्बन्धित अनुमान – आकंड़ों के आधार पर सम्पादित आय–व्यय का अनुमान लगा सकते है। ऐसे अनुमान को प्राक्कलन कहते हैं।<br>5. भविष्य में होने वाले परिवर्तन से सम्बन्धित अनुमान।<br>1. प्रश्न: नीचे दिये गए चीजों/सामग्रियों की लगभग कितनी लंबाई होगी?<br>पुस्तक, कलम, कमरा, बरामदा, मैदान<br>2. प्रश्न: आज पछुआ और गर्म हवा चल रही है, आकाश में बादल नहीं है और तेज धूप है, कल भी मौसम रहने की सम्भावना है।<br>(1) ठंडा (2) गर्म (3) गर्म और शुष्क (4) ठंडा और शुष्क<br>3. प्रश्न: एक थोक दुकानदार प्रत्येक दिन कभी 50 किलो, 60 किलो, 55 किलो, 65 किलो चावल 50 रूपये की दर से बेचता है, तो एक महीने में कितना चावल की बिक्री हो सकती है।<br>अनुमान से संबंधित अन्य प्रश्न:<br>4. प्रश्न: यदि लड़कियों की संख्या घटती जाएगी तो भविष्य का समाज कैसा होगा?<br>5. प्रश्न: देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती रही, तो भारत के विकास पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा? |
| पैटर्न | कई तरह के प्रश्न पैटर्न से सम्बन्धित होते है। जैसे चित्रात्मक पैटर्न, संख्यात्मक पैटर्न।<br>1. चित्रात्मक पैटर्न<br>1. प्रश्न: नीचे दिये गये ज्यामितीय आकृतियों में अगला आकृति में कितनी भुजा होंगी?<br>Δ ■ ⌂<br>(क) 5 (ख) 6 (ग) 7 (घ) 8<br>2. प्रश्न: अगली आकृति पर निशान लगाएं<br>○ Δ ■ ⌂ ○ Δ ■ ------<br>2. संख्यात्मक पैटर्न<br>1. प्रश्न: 2, 4, 6 ............10 के क्रम में निम्नलिखित संख्या क्या होगा?<br>(क) 3 (ख) 5 (ग) 7 (घ) 8<br>2. प्रश्न: 3, 6, 9, 12 के बाद क्या होगा?<br>(क) 13 (ख) 14 (ग) 15 (घ) 16<br>3. प्रश्न 90, 70, 50, 30 के बाद क्या होगा?<br>(क) 20 (ख) 15 (ग) 10 (घ) 15 |

| | |
|---|---|
| तर्क करना | सामान्य तौर पर बच्चे की उम्र 9 वर्ष पूरा होने पर वह किसी चीज या घटना को जानने के लिए चिन्तन एवं तर्क करना प्रारम्भ कर देता है। वे क्यों और कैसे से सम्बन्धित प्रश्न का उत्तर देने में सक्षम होते हैं। मुख्य रूप से तर्क से अवधारणा एवं समझ पुष्ट होता है। जो समझ के साथ ज्ञान का उत्तरोत्तर विकास होता चला जाता है। यह ज्ञान गहरा होता है।<br>उदाहरणः—<br>1. प्रश्नः पर्वतीय क्षेत्र में जन घनत्व कम पाया जाता है। क्यों?<br>2. प्रश्नः मानव एक महत्वपूर्ण संसाधन है। कैसे?<br>3. प्रश्नः परिवहन एवं यातायात के साधन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते है। क्यों?<br>4 प्रश्नः आकाश का रंग नीला क्यों दिखाई देता है?<br>5. प्रश्नः हीरा चमकीला दिखाई पड़ता है। क्यों? |
| निष्कर्ष | आकड़ों का एकत्रीकरण एवं आकड़ों के विश्लेषण से हम किसी स्थिति के बारे में अपनी समझ बनाते है जो समझ इन आंकड़ों के विश्लेषण से प्राप्त होती है, उसे हम निष्कर्ष कहते हैं।<br>जैसे उदाहरण के लिएः—<br>संख्या के आंकड़ों से हम सभी संख्याओं को दो संख्या में बाँटना चाहते हैं। 2, 8, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 संख्याओं में से 2, 4, 6, 8 और 10 की संख्या को 2 से भाग देने पर 1, 2, 3, 4 और 5 पूर्ण संख्या में विभाजित होती है।<br>अतः हम निष्कर्ष निकालते है कि सम संख्या को 2 से भाग देने पर सम एवं विषम संख्या प्राप्त होती है। इस प्रकार कई अन्य सम संख्याओं को 2 से भाग देने पर सम एवं विषम संख्या प्राप्त होती है। इस प्रकार कई अन्य सम संख्याओं को 2 से भाग देने पर उपर्युक्त स्थिति पुनः प्राप्त होती है। तब उक्त निष्कर्ष का सामान्यीकरण हो जाता है और तब यह एक परिभाषा सिद्धान्त के रूप में परिलक्षित होती है।<br>1. प्रश्नः नीचे दिये गए विभिन्न त्रिभुजों को कोणों को माप कर बताएँ कि त्रिभुज के तीनों कोण का मान कितना होता है? तीनों त्रिभुजों के सभी कोणों को मापने पर प्रत्येक त्रिभुज के तीनों कोण का योग 180 डिग्री होता है। अतः सभी निष्कर्ष में एक ही परिणाम प्राप्त होता है। परिभाषा अथवा सिद्धांत का रूप लेता है।<br><br>विज्ञान में हम प्रयोग करते है और अवलोकन कर कई आँकड़े प्राप्त करते है तथा आंकड़े का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालते है। जब कई बार प्रयोग कर एक ही निष्कर्ष पाते है, तो इसका समान्यीकरण हो जाता है तथा ये सिद्धांत के रूप ले लेता है। |
| स्मरण | स्मरण सीखे हुए ज्ञान को मानसिक संक्रिया द्वारा स्थापित स्थायी रूप है। यदि शिक्षार्थी शिक्षार्थी के विभिन्न मानसिक क्षमताओं से सम्बन्धित मौखिक प्रश्न एवं लिखित प्रश्न समय—समय पर बार—बार पूछ कर, विषय वस्तु से सम्बन्धित गतिविधियों में व्यस्त किया जाए तो शिक्षार्थियों में विषय वस्तु के ज्ञान एवं समझ का स्मरण बना रहेगा।<br>किसी बच्चे की स्मरण क्षमता को बढ़ाने के लिए कई तरह के स्मरण वाले प्रश्न होते हैं।<br>जैसेः—<br>1. प्रश्न—रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।<br>2. प्रश्न— कॉलम (क) को कॉलम (ख) से मिलान कीजिए।<br>3. प्रश्न—बहु विकल्पनीय उतर वाले प्रश्न।<br>4. प्रश्न— कुछ मौखिक प्रश्न जिसमें शिक्षार्थी को सूची दिखाकर सूची में वर्णित शब्दों को पुनरावृति करने के लिए कह सकते है और बाद में बिना देखे बोलने के लिए कहेंगे और फिर बिना देखे उसकी सूची बनवाकर उसके स्मरण शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| संकेतीकरण एवं अमूर्तीकरण | जब हम किसी चीजों को संकेत के रूप में प्रकट करते है तथा हम उन संकेतों से समस्या का हल अथवा व्याख्या करते है, तो इसे संकेतीकरण कहते हैं। जो चीज हम अपने आस–पास देख रहे है, वह मूर्त रूप है। जब इन चीजों को संकेत रूप देते है, तो वह उस चीज का अमूर्त रूप है।<br>उदाहरण के लिए<br>सिक्का (1) (5) मूर्त रूप<br>संख्या 1 5 अमूर्त रूप<br>1. प्रश्नः– रामू के पास पचास रूपये और श्याम के पास पैंतीस रूपये थे। दोनों को मिलाकर कितने रूपये हुए। संख्या में लिखिए। |
| भाषिक कौशल | भाषिक कौशल के अन्तर्गत सुनना, बोलना, पढ़ना एवं लिखना आता है।<br>भाषिक कौशल का विकास बच्चों में उम्र के साथ होता है। इसकी विस्तृत जानकारी, सारणी में दी गयी है। अतः बच्चों के उम्र स्तर के आधार पर मौखिक प्रश्न एवं लिखित प्रश्न गठित करना चाहिए तथा एण्डर्सन की उपयुक्त सारणी के अनुसार गतिविधियों के द्वारा बच्चों को भाषिक कौशल का विकास करना चाहिए।<br>वर्ग 1 एवं 2 वर्ग के बच्चों के लिए ज्यादातर मौखिक प्रश्न ही पूछने चाहिए। कहानी, कविता, तथा कहानी ये सभी का शिक्षण रागात्मक एवं लयकारी गतिविधियों एवं तरीके से वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के बच्चों को सिखाना आवश्यक है। |
| अनुप्रयोग | जब विद्यालयी शिक्षा में किसी विषय वस्तु की अवधारणा एवं समझ बनती है, तो शिक्षार्थी से ऐसे प्रश्न पूछे जा सकते है जो पाठ्यपुस्तक से हटकर रोजमर्रे की जिन्दगी से जुड़ाव हो, जहाँ वह उस अवधारणा एवं समझ का अनुप्रयोग कर सके।<br>उदाहरण के लिएः–रामू गणित में मुद्रा विनिमय से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करना जान गया है और वह बाजार जाकर घर के लिए समान खरीदता है तथा रूपये पैसे का सही हिसाब रखता है। इसका अर्थ है कि रामू सीखे हुए ज्ञान का अनुप्रयोग कर रहा है।<br>प्रश्नः– माँ रामू को बाजार से एक किलो प्याज, एक किलो आलू तथा तीन किलो चावल खरीदने के लिए 200 रूपये देती है। सामान खरीदकर रामू माँ को 80 रूपये वापस कर देता है। क्या रामू ने सही खरीद किया है?<br>आलू/प्रति किलो–10 रूपये<br>प्याज/प्रति किलो–20 रूपये<br>चावल/प्रति किलो–30 रूपये |

**तेज नारायण प्रसाद, प्राचार्य,**

**अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर।**

# Success Mantra: Letter to Students

***Dear Trainees***

Most beautiful and exciting part of your life is yet to come and is still lying before you to be explored. You must have dreamt of a number of things to be successful in your life. Success in life is not very difficult, if you follow some of the simple basic principles in your life. These are the same things that I have been telling all these days repeatedly. But once again I feel the need to tell you all these things with which I had started my journey in my life. May be today you will not understand my restlessness but some day you will understand me and my belongingness to all your success and failures in life. I am longing to give wings to your dreams. I am longing to give wings to the dreams of your family. I am, in fact, longing to give wings to the future of our states & our nation. I am writing all this just to tell you that you can be whatever you want to be in your life. This success mantra can be a part of your life style to make your journey a bit easier.

***1. DO NOT FEAR, ASK QUESTIONS***

Never hesitate to ask questions. Don't think that you will be considered fool or people will laugh at you, if you ask questions. This, I think, is the precondition for good learning. Keep asking until you understand things well. Never say "YES-understood" for any matter that you have not understood well while learning. This is the only way to tread on the thorny path of success. It is better to have doubts and questions rather than faith. Doubts and questions lead to clarity of vision and clear conception while faith leads to blindfolded blurred vision.

***2. MAINTAIN A DIARY OF YOUR STUDIES AND REVISIONS*** till your examination comes to an end or you become successful as per your wish and desires in your life. **Follow the scientific technique of revision,** if you want to save something permanently in your brain. What you have read today revise it **NEXT DAY,** then **NEXT WEEK,** then **NEXT MONTH** and then **EVERY MONTH** till your examination comes to an ends or till you achieve your goal. An Example for making a diary of all the studies and revisions for a subject is as follows. You should maintain this for every subject you study.

**NEXT DAY-NEXT WEEK-NEXT MONTH-EVERY MONTH**

**Format for Diary (Education)**

| Sl. | Name of Topic | Date of Study | Date of Revisions |
|---|---|---|---|
| 1. | Cognitive Learning<br>Ch-1, Growth & Development | 05.09.2021 | 06.09.21, 13.09.21, 13.10.21<br>13.11.21, 13.12.21, 13.01.22 |
| 2. | Introduction to ICT<br>Ch-1, EPC3 | 06.09.2021 | 07.09.21, 14.09.21, 14.10.21<br>14.11.21, 14.12.21, 14.01.22 |

***3. BOOKS ARE NOT THE ONLY SOURCE AND CLASSROOMS ARE NOT THE ONLY PLACE OF LEARNING.*** Be a voracious reader and keep learning on the go. Read everything that comes in your way. Be it a Rapper of a Chocolate or Biscuit or the Piece of Paper for serving Mungfali; Nothing should be left unread. Nothing should be left unlearnt that you hear or see around you on the road, in the playground, in the market, in hospital or anywhere else you go. Develop a habit of reading one new book every month (Other

than your course book) from now for lifetime to develop your skills and personality. Regularly visit a library and take its membership to be in touch with the latest books and developments around the world.

***4. ALWAYS KEEP A POCKET DIARY WITH YOU*** to keep learning on the go. It has multiple uses. It will help you utilise your time fruitfully when you have nothing else to do. It will remind you of your unfinished tasks. It will also enhance your knowledge dramatically as it will be readily available to note down and remember things you come across.

***5. READ NEWS PAPER DAILY -*** These open up window to the world. They improve your knowledge and understanding of both your inner self and the world outside. They also acquaint you with the vision of the world's best brains from all walks of life. So never stop reading Newspaper from now onwards.

***6. TRAIN YOUR BRAIN TO FEEL ITS APPETITE -*** Most of the people lose the appetite for their brain as they grow older; as a result they stop learning new things in their life. They do not feel the hunger of their brain, so they do not need the food for their brain. Young children have more appetite for their brain than for their stomach. Newspapers provide fresh food for your brain every morning. Give your Brain the breakfast of Newspaper. It will keep your brain young and healthy. You also need to think on How much you spend for your Head and How much you spend for your Stomach and the rest of the body. **Try to SPEND AT LEAST 10% OF YOUR OVERALL EXPENDITURE ON YOUR BRAIN.**

***7. IMPROVE YOUR ENGLISH*** as you may need it badly in the days to come. You will have to master all the four skills:Listening-Speaking-Reading-Writing of the language. To master all these skills, just **start studying in English** rather than **studying English.** To improve Reading and Writing skills, start reading English Newspaper and to improve your Listening and Speaking skills, start watching DD NEWS both in Hindi and in English. Try to notice the words and their pronunciation used there in. Also notice the accent and rhythm of their speech. You can also use All India Radio for listening to English and Hindi News simultaneously. Also watch the discussion held on **LOK SABHA & RAJYA SABHA TV.** In the meanwhile keep growing your vocabulary as these will give strengths to your expression. You can use the book of **NORMAN LEWIS: WORD POWER MADE EASY** to build your vocabulary. Develop the habit of using English to English Dictionary for help. Always keep a Pocket Dictionary with you. You will also need English to Hindi and Hindi to English Dictionary frequently in your learning process.

***8. KEEP YOUR AIM HIGH.*** This gives you the impetus to dream, to work and to use the fullest of your potential and energy to the development of your own self, your family, society and nation as a whole.

9. Last but not the least; always **KEEP A GOOD COMPANY** and work together to solve the problems of your study and your life.

Thanks a lot Dear Trainees for patiently reading the letter. I hope, you will keep following these simple rules in your life and I believe that nothing can stop you from being successful in your life if you follow these rules in its true spirit.

With lots of love and affection

***Dr. Ravindra Kumar, Lecturer***
***CTE, Samastipur***

# अतीत का गौरव : नालंदा विश्वविद्यालय

भारत प्राचीन काल से ही धर्म, दर्शन, अध्यात्म तथा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय पटना के दक्षिण पूर्व में 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। नालंदा को बिहार में उच्च शिक्षा का प्राचीन केंद्र माना जाता था। साथ ही साथ यह विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक है।

नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमार गुप्त ने करवाया था। उसके बाद हर्षवर्धन एवं धर्मपाल ने इसको आगे बढ़ाने का काम किया। यह विश्वविद्यालय बौद्ध दर्शन के प्रसार का केंद्र बिन्दु था। इसके बारे में कहा जाता है कि यहां 1000 शिक्षक एवं 10000 छात्र रहते थे। यह पूर्णतः आवासीय था। इसमें यदि 100 छात्र नामांकन के लिए आते थे तो उनमें से एक दो छात्रों का ही प्रवेश हो पाता था।

यहां शिक्षक शिष्य का अनुपात 1:10 था जिससे स्पष्ट पता चलता है कि शिक्षक अपने छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः समर्पित थे, जो गुरू–शिष्य परंपरा की एक मिशाल है।

नालंदा विश्वविद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई होती थी जिसमें बौद्ध दर्शन, धर्म, आध्यात्म, योग, तर्कशास्त्र, खगोल विद्या, ज्योतिष विज्ञान, गणित और आयुर्वेद आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित विषय हैं। इसके पुस्तकालय में तीन लाख से भी अधिक पुस्तकें उपलब्ध थी। आर्यभट्ट, हवेनसांग, शीलभद्र, चंद्रकृति, धर्मकृति, आर्यदेव, आतिश जैसे विद्वान यहां शिक्षक के रूप में कार्यरत थे।

जब यह विश्वविद्यालय शिक्षा में अपने उच्चतम शिखर पर था तब यह विश्व के चारों कोनों के विद्वान और विद्यार्थी के आकर्षण का केंद्र था। यहां चीन, भूटान, मंगोलिया, तुर्की, श्रीलंका, कोरिया, पर्शिया, इंडोनेशिया, म्यानमार आदि जगहों से विद्वान एवं विद्यार्थी आते थे।

